(घ) और (ङ) ओढ़ने वाली चादर का आकार 160 सें०मी० × 224 सें०मी० है और बिछाने वाली चादरें दो आकारों अर्थात् 92 सें०मी० × 224 सें०मी० और 160 सें०मी० × 224 सें०मी० में उपलब्ध हैं। रेलों से कहा गया है कि 92 सें0मी0 × 224 सें०मी० माप की बिछाने वाली चादरों के वर्तमान स्टाक के समाप्त हो जाने के बाद 160सें०मी० × 224सें०मी० माप की बिछाने वाली चादरों की व्यवस्था करें।

**अलाभप्रद रेल लाइनें**

**2949. श्री जगन्नाथ सिंह :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रीवा-बधवार-ब्यौहारी नई रेल लाइन परियोजना को इस संबंध में करवाये गये सर्वेक्षण के अनुसार अलाभप्रद पाया गया था ;

(ख) यदि हां, तो इसे किन आधारों पर अलाभप्रद पाया गया था ;

(ग) क्या यह सच है कि सरकार ने भी अनेक अवसरों पर आदिवासी बहुल क्षेत्रों के लोगों को रेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आर्थिक दृष्टि से अलाभप्रद कतिपय परियोजनाओं को हाथ में लिया है ; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार इसी मापदंड के आधार पर उक्त रेल लाइन को स्वीकृति दिये जाने से संबंधित मामले की समीक्षा करेगी ?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के०सी० लेंका) :**

(ख) प्रस्तावित नई रेल लाइन पर प्रतिफल की 7.63% की दर वित्तीय दृष्टि से अलाभप्रद होने के कारण।

(ग) केवल कुछ ही मामलों में उन क्षेत्रों में ऐसी परियोजनाएं शुरु की गई थीं जहां विकास की संभाव्यता थी।

(घ) इस परियोजना पर विचार के लिए संसाधनों की स्थिति में सुधार होने की प्रतीक्षा करनी होगी।

**ललितपुर-खजुराहो रेल लाइन का सर्वेक्षण**

**2950. श्री जगन्नाथ सिंह:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ललितपुर-खजुराहो-सतना, खजुराहो-महोबा तथा रीवा-सीधी सिंगरौली रेल लाइन के सर्वेक्षण का कार्य अब पूर्ण हो चुका है ; और

(ख) यदि हां, तो सर्वेक्षण का क्या परिणाम निकला है ?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) :** (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

**Awarding of contracts without calling Tenders/Quotations**

2951. PROF. VIJYA KUMAR MALHOTRA: Will the Minister of RAILWAYS be pleaased to state:

(a) the number of contracts awarded durng 1992, 1993 and 1994 without calling for quotations|tenders, Zone-wise;

(b) what are the reasons therefor;

(c) whether there is any proposal to enquirs into the irregularities that were committed; and

(d) if not, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI K. C. LENKA): (a) Nil.

(b) to (d) Do not arise.